दिन– मंगलवार दिनांक– 11/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने कहा – प्रदेश में तेरह हजार सात सौ शिक्षकों की और नियुक्ति की जायेगी।

02. प्रदेश की पंचायत समितियों ने समय पर काम पूरा करने के मामले में देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

03. होली के त्यौहार के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे का विशेष इंतजाम। उत्तर रेलवे चला रहा है चार सौ से अधिक विशेष ट्रेनें।

04. और, पटना में आयोजित नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप की सौ मीटर दौड़ स्पर्धा में भागलपुर के दिव्यांश कुमार राज ने कांस्य पदक जीता।

————————————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश में तेरह हजार सात सौ शिक्षकों की और नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने विधान सभा में शिक्षा विभाग के बजट पर चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि इनमें से सात हजार दो सौ उनासी शिक्षक दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किये जायेंगे। मंत्री ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति की अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेज दी गयी है।

————————————————————————————

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि ग्रामीण सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान अगले महीने से शुरू किया जायेगा। विधान परिषद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही गृह सचिव के साथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें अभियान को लेकर कार्य योजना बनाई जायेगी। वहीं, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सदन को बताया कि प्रदेश के पुलों के रखरखाव की नीति जल्द बनायी जायेगी।

————————————————————————————

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश में नील गाय और जंगली सुअरों से फसल क्षति होने पर सरकार की ओर से प्रति हेक्टेयर पचास हजार रूपये की फसल क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है। विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण के जवाब में श्री कुमार ने कहा कि ऐसे जानवरों के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर दस लाख रूपये के मुआवजे का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अब

तक किसी भी क्षेत्र में जंगली जानवरों के कारण पूरी फसल बर्बाद होने की सूचना नहीं है।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न थानों में जब्त किये गये वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए जिलों में भी केन्द्रीयकृत व्यवस्था की जायेगी। विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जवाब में गृह विभाग की और से सरकार का पक्ष रखते हुये ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि पटना जिले को छोड़कर सभी जिलों को जब्त वाहन रखने के लिए केन्द्रीयकृत वार्ड बनाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके तहत जिले में दो से पांच एकड़ भूमि में वार्ड का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस निर्माण निगम को इस संबंध में निर्देश दिया गया है।

———————————————————————————

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में प्रदेश की पंचायत समितियों ने समय पर काम पूरा करने में देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर उपलब्ध आंकडों के अनुसार प्रदेश की अंठानवे प्रतिशत से अधिक पंचायत समितियों ने समय पर काम पूरा किया है। दूसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल और तीसरे स्थान पर हरियाणा की पंचायत समितियां हैं। गौरतलब है कि राज्य में कुल पांच सौ छब्बीस पंचायत समितियों ने ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विकास योजना निर्माण कर इसे अपलोड कर दिया है।

———————————————————————————

पटना मेट्रो के पहले चरण की सेवा पन्द्रह अगस्त से शुरू कर दी जायेगी। इसके लिए मलाहीपकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल होते हुये पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक छह किलोमीटर के मार्ग का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना मेट्रो के काम में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने गांधी मैदान, पीएमसीएच और अशोक राज पथ में निर्माणाधीन मेट्रो के कार्यों का स्थल निरीक्षण करने के बाद कहा कि मेट्रो के शुरू होने के बाद पटनावासियों को काफी सहुलियत होगी। गौरतलब है कि पटना मेट्रो परियोजना के अन्तर्गत कुल इकतीस दशमलव नौ किलोमीटर मेट्रो रेललाईन का निर्माण होना है। इसके तहत चौबीस स्टेशन प्रस्तावित है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर– आईएमसी गया को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया है। इसके साथ ही यह प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बन गया है। आईएमसी गया के डोभी में एक हजार छह सौ सत्तर

एकड़ में फैला हुआ है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने कहा कि इससे प्रदेश में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामलें सामने आने के बाद राज्य सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया है। जहानाबाद और पटना के बाद अब भागलपुर और मुंगेर में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। पशु स्वास्थ्य और उत्पादन संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉक्टर आर. पंजियार ने बताया कि पटना और भागलपुर में एक–एक जगह पर बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इससे पूर्व जहानाबाद में कौओ की मौत बर्ड फ्लू से होने की पुष्टि हुई थी। श्री पंजियार ने कहा कि प्रभावित स्थानों पर मुर्गियों को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने के लिए मुख्यालय से वेटनरी डॉक्टरों की टीम भेजी जा रही है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने आम लोगों से बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है। वहीं, केन्द्रीय पशु और डेयरी मंत्रालय ने बिहार समेत सभी राज्यों को बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट किया है।

———————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक दस से सोलह मार्च तक डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इस वर्ष इसका विषय है– भारत डिजिटल भुगतान करता है। केन्द्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस राष्ट्रव्यापी पहल का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर पटना में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने जागरूकता वैन को रवाना किया। इसके माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक डिजिटल भुगतान के बारे में शिक्षित किया जायेगा।

———————————————————————————

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म–एक्स पर कल रात एक बड़ा साइबर हमला हुआ, जिसके कारण इस मंच पर उपयोगकर्ताओं को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस हमले ने दुनिया भर में हजारों उपयोगकर्ताओं को अपने हैंडल तक पहुँचने से रोक दिया। एलन मस्क ने भी इस बात की पुष्टि की है कि एक्स के खिलाफ़ बड़ा साइबर हमला हुआ था। उन्होंने संदेह जताया है कि यह हमला बहुत सारे संसाधनों के साथ किया गया था और इसमें या तो कोई बड़ा समूह या देश शामिल है।

———————————————————————————

उत्तर रेलवे होली के त्यौहार से पहले यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए चार सौ से अधिक विशेष ट्रेनें चला रहा है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के व्यापक

इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर ऑन डिमांड विशेष ट्रेनें भी चलाई जाएंगी।

———बाइट———

श्री उपाध्याय ने यह भी कहा कि प्लेटफॉर्म पर प्रवेश केवल उन्हीं यात्रियों को दिया जाएगा, जिनके पास यात्रा के लिए वैध ट्रेन टिकट होंगे।

———————————————————————————

इधर, पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि होली के मौके पर वंदे भारत समेत तीस जोड़ी होली विशेष रेलगाड़ियां चलायी जायेंगी। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली, मुम्बई, पुणे, उदयपुर समेत देश के अनेक शहरों के लिए विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। रेलवे ने इन ट्रेनों की समय सारणी जारी कर दी है।

———————————————————————————

प्रदेश में त्यौहारों के मद्देनजर भीड़ को देखते हुये पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि होली को लेकर राज्यभर में केन्द्रीय बलों की तैनाती की जायेगी। सभी थानों में शांति समिति की बैठक शुरू हो गयी है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आम लोगों से होली का त्यौहार आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है।

———————————————————————————

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा होलिका दहन के अवसर पर दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग न करने के लिए सलाह जारी की गयी है।

——— प्रोमो———

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि ई–श्रम पोर्टल पर तीस करोड़ अड़सठ लाख से अधिक असंगठित कर्मी पंजीकृत हो चुके हैं। यह पोर्टल असंगठित कर्मियों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष दो हजार इक्कीस में शुरू किया गया था। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि कुल पंजीकृत कर्मियों में तिरेपन प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में गलग दस्तावेज अपलोड करने वाले अभ्यर्थियों को सुधार के लिए मौका दिया है। ये

अभ्यर्थी आज से सोलह मार्च तक राजपत्रिक पदाधिकारी से प्रमाणित अपना सही प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित बीसवीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भागलपुर के दिव्यांश कुमार राज ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। दिव्यांश ने ग्यारह सेकेंड आठ माईक्रो सेकेंड का समय निकाल कर सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पदक हासिल किया है। इसके साथ ही दिव्यांश ने सऊदी अरब में होने वाली छठी एशियन अन्डर एटीन एथलेक्टिस चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

इधर, दरभंगा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित बाईसवीं बिहार राज्य सब जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप के पहले दिन दरभंगा, पटना, जहानाबाद, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, बेगूसराय और भागलपुर की टीमों ने अपने–अपने मुकाबले जीत लिये हैं।

———————————————————————————

पूरवा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

———————————————————————————

बेगूसराय जिले में एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंचल कुमार तिवारी ने अपहरण और हत्या के मामले में पूर्व मुखिया समेत पांच आरोपित को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

किशनगंज जिले के पाठामारी थाना क्षेत्र में एस.एस.बी. और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारत–नेपाल सीमा के पास घुसपैठ के मामले में बांग्लादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार घुसपैठियों को शरण देने वाले स्थानीय लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही हैं।

———————————————————————————

सुपोषित पंचायत अभियान के तहत अरवल जिले की शरौती पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी और महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों

का प्रशिक्षण आयोजित कर उन्हें पंचायत को कुपोषण से मुक्त करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश में कुल पैंतीस पंचायत का इस अभियान के तहत चयन किया गया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के बयान के हवाले से लिखा है– राज्य में तेरह हजार सात सौ शिक्षक और नियुक्त होंगे।

दैनिक जागरण ने संसद की बैठक से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुये लिखा हे– वोटर लिस्ट–ईपीआईसी मसले पर विपक्ष ने दोनों सदनों में किया हंगामा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– कैमूर वन्य जीव अभ्यारणय बनेगा टाईगर रिजर्व , यहां मई महीने से छोड़े जायेंगे बाघ।

प्रभात खबर लिखता है – बिहार दिवस पर अब पांच दिनों तक प्रदर्शनी, सीसीटीवी से भीड़ पर निगरानी रखी जायेगी।

आज अखबार की सुर्खी है– अफ्रीकी देशों में लागू होगी नीतीश सरकार की साईकिल योजना।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– आरा में ज्वेलरी शो रूम से पच्चीस करोड़ के जेवरात लूटे।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने कहा – प्रदेश में तेरह हजार सात सौ शिक्षकों की और नियुक्ति की जायेगी।

02. प्रदेश की पंचायत समितियों ने समय पर काम पूरा करने के मामले में देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

03. होली के त्यौहार के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे का विशेष इंतजाम। उत्तर रेलवे चला रहा है चार सौ से अधिक विशेष ट्रेनें।

04. और, पटना में आयोजित नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप की सौ मीटर दौड़ स्पर्धा में भागलपुर के दिव्यांश कुमार राज ने कांस्य पदक जीता।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।